


RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 129
दि. 08.09.2025,
सोमवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : VINOD KUMARI Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.

Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com


## चारधाम यात्रा के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू, अभी केदारनाथ व बद्रीनाथ के ही होंगे दर्शन, जानिए क्यों

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा को फिलहाल बहाल कर दिया गया है। मौसम अनुकुल होते ही शासन ने केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की




यात्रा बहाल करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा अभी कुछ समय तक स्थगित रहेगी।

दोनों धामों में स्थिति सामान्य होने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिए गए हैं।

## 'भारत-अमेरिका के बीच एक मजबूत साझेदारी', राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोस्त वाले बयान पर पीएम मोदी बोले

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर जवाब दिया, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि दोनों नेता हमेशा दोस्त रहेंगे। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि, 'वो ट्रंप की बातों और भारत-अमेरिका रिश्तों को लेकर उनके सकारात्मक नजरिए की दिल से सराहना करते हैं।

मोदी ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत, सकारात्मक और दूर की सोच वाली साझेदारी है। ये बात दोनों नेताओं की आपसी समझ और दोस्ती की गहराई को भी दिखाती है।

ट्रंप ने क्या कहा था?

व्हाइट हाउस में भारत-अमेरिका रिश्तों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई अहम बयान दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते



हुए कहा, 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। इसमें चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है।'

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर क्ल्र्ल्ॅ२ 'ङ्ग३ल्ल्' जैसा पोस्ट किया था, तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हमने ऐसा कहा है।' उन्होंने आगे कहा,'मेरे और प्रधानमंत्री मोदी के रिश्ते बहुत अच्छे हैं। कुछ महीने पहले वे यहां व्हाइट हाउस आए थे और हम रोज गार्डन में साथ थे।'

ट्रंप ने पीएम मोदी-पुतिन और शी जिनपिंग की साथ वाली तस्वीर पोस्ट की

बता दें कि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 5 सितंबर को ट्रुथ सोशल पर रउड समिट में पीएम मोदी-पुतिन और शी जिनपिंग की साथ वाली तस्वीर को पोस्ट करते हुए लिखा था कि, 'लगता है हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। उन्हें एक लंबा और समृद्ध भविष्य मिले।'

## सीएम योगी के मंत्री ओपी राजभर को लेकर एबीवीपी कार्यकताओं की कड़ी चेतावनी, आगे करेंगे यह काम

(जीएनएस)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं में आक्रोश अभी बरकरार है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कार्यकताओं को ' गुंडा ' बताया था।

गोरखप्रांत के प्रदेश मीडिया संयोजक शिवम पांडेय ने कहा कि मंत्री के इस फालतू बयान पर मै या मेरा कोई कार्यकर्ता बोले यह हमारा अपमान है। मंत्री की सोचने समझने की क्षमता खत्म हो चुकी है। हम छात्र हितों के लिए सदैव संघर्ष करते रहेंगे।

अजित राज, मंत्री इकाई सहमंत्री ने बताया कि रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के छात्र और एबीवीपी कार्यकर्ता शांतिपूर्वक अवैध वसूली का विरोध कर रहे थे। ऐसे में मंत्री राजभर का कार्यकताओं को गुंडा कहना निंदनीय है। उन्हें एबीवीपी




कार्यकर्ताओ से माफी मांगनी पड़ेगी। नहीं तो हम विरोध जारी रखेंगे।

गोरक्षप्रांत के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य किशन मिश्रा ने कहा कि राजभर एक दल बदलू मंत्री हैं। कुर्सी के लिए किसी पार्टी में जाते हैं। उन्होंने जो बयान दिया है उसके लिए उन्हें माफी तो मांगनी पड़ेगी।

## डीआरडीओ ने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए एमएसएमई की क्षमता निर्माण हेतु सम्मेलन का आयोजन किया






(जीएनएस)।

डीआरडीओ के रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी), लखनऊ ने 06 सितंबर, 2025 को अमौसी परिसर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे को और विकसित करना था। विभिन्न एमएसएमई, स्टार्ट-अप और लघु उद्योग भारती के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने डीआरडीओ द्वारा कौशल विकास, अनुसंधान एवं विकास हेतु वित्त पोषण, तकनीकी परामर्श और प्रौद्योगिकी विकास एवं हस्तांतरण के पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

अपने उद्घाटन भाषण में, डीआरडीओ अध्यक्ष ने डीटीटीसी को रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के दिमाग की उपज बताया, जो आज उद्योगों के लाभ के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने एमएसएमई को विभिन्न तकनीकों और उद्योग-केंद्रित नीतियों के बारे में जानकारी दी और कहा कि एमएसएमई के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास में शामिल होने का यह उपयुक्त समय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि डीआरडीओ देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए एमएसएमई को हर संभव सहायता प्रदान करेगा।

## पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चीन में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड' (आईईएसओ-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया

**प्रतिष्ठित वैश्विक ओलंपियाड में टीम इंडिया ने 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित 7 पदक जीते**

**डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्टार्टअप क्रांति से प्रेरित टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवाओं में आकांक्षाओं की सराहना की**

**एनईपी-2020 पारंपरिक विषय बाधाओं से युवा मस्तिष्कों को मुक्त करके उनकी क्षमता को उजागर कर रहा है: डॉ. जितेंद्र सिंह**

**उभरते क्षेत्रों की ओर रुख: पृथ्वी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष क्षेत्र और स्टार्ट-अप आधारित स्व-रोजगार**

**मंत्री ने छात्रों से विज्ञान ज्योति, छात्रवृत्ति, फैलोशिप और अनुसंधान अनुदान जैसे नए सरकारी प्रोत्साहनों और पहलों का पता लगाने का आग्रह किया**








(जीएनएस)।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 8-16 अगस्त 2025 तक चीन के जिनिंग में आयोजित 18वें "अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड" (आईईएसओ-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया।

टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल सात पदक - 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय भूविज्ञान युवा आंदोलन (आई-जीवाईएम) रिपोर्टर श्रेणी में तीसरा पुरस्कार भी प्राप्त किया।

विजेता छात्रों में शामिल हैंः ङ्ट रयांश गुप्ता (सत पॉल मित्तल स्कूल, लुधियाना, पंजाब)- स्वर्ण, रजत और आई-जीवाईएम तृतीय पुरस्कार ङ्ट चारुव्रत बैंस (एमजीएन पब्लिक स्कूल, कपूरथला, पंजाब) - 2 रजत, 1 कांस्य ङ्ट अपम निधि पांडे (पीएम श्री केवी नंबर 1, जयपुर, राजस्थान) - 1 रजत ङ्ट प्रियांशी घनघास (एमडी इंद्रप्रस्थ सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, दिल्ली) - 1 कांस्य

छात्रों को मार्गदर्शक प्रोफेसर देवेश वालिया और प्रोफेसर हेमा अच्युतन द्वारा मार्गदर्शन दिया गया तथा वैज्ञानिक-जी डॉ. जगवीर सिंह पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्र को गौरव दिलाने वाले युवा उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना करते हुए कहा कि ये परिणाम पिछले दशक में भारत की स्टार्टअप क्रांति के बाद युवाओं, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवाओं में नई आकांक्षा की भावना को दशार्ते हैं।

मंत्री महोदय ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) ने युवा मस्तिष्कों को कठोर विषय धाराओं की सीमाओं से मुक्त करके और उन्हें विविध विषयों का अन्वेषण करने में सक्षम बनाकर उनकी रचनात्मक क्षमता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह पारंपरिक पाठ्यक्रमों से हटकर पृथ्वी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप आधारित स्व-रोजगार जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों की ओर एक आदर्श बदलाव को प्रोत्साहित कर रहा है।

## गुगल के लिए यूरोपीय यूनियन से क्यों भिड़े डोनाल्ड ट्रम्प? बड़ी कार्रवाई की दे दी धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में यूरोपीय संघ (एव) के उस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसमें गूगल पर 3.5 बिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया गया। ट्रंप ने इसे बिल्कुल गलत और भेदभावपूर्ण बताया और साफ कहा कि उनका प्रशासन ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं करेगा।



यूरोपीय आयोग का कहना है कि गूगल अपनी ऑनलाइन विज्ञापन तकनीक से प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचा रहा है, इसलिए उसे यह जुमार्ना देना पड़ा। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यूरोप ने ये जुमार्ना वापस नहीं लिया, तो अमेरिकी प्रशासन अमेरिकी निवेश और नौकरियों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा।

## जीएसटी 2.0 के बाद अब रेगुलेटरी सुधार पर सरकार का फोकस, निर्मला सीतारमण ने बताया क्या है पूरा प्लान?

(जीएनएस)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में किए गए जीएसटी दरों में बड़े सुधारों कि इससे उपभोग में तेजी आएगी, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रालय का अगला एजेंडा गैर-वित्तीय रेगुलेटर्स पर होगा।

उन्होंने कहा कि यह सुधार लंबे समय से लंबित था और बजट में इसकी घोषणा की गई थी। इनमें प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI), फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) जैसी संस्थाएं शामिल होंगी।

गैर-वित्तीय क्षेत्रों में बड़े सुधार की तैयारी

वित्त मंत्री ने कहा कि एक नियामक सुधार समिति बनाई जाएगी, जो गैर-वित्तीय क्षेत्रों से जुड़े सभी नियम, सर्टिफिकेशन, लाइसेंस और परमिशन की समीक्षा करेगी।



इसका उद्देश्य है -

भरोसे पर आधारित आर्थिक प्रशासन को मजबूत करना।

कारोबार करने की सुगमता को बढ़ाना।

राज्यों को भी इस सुधार प्रक्रिया में जोड़ना।

जीएसटी 2.0: नया ढांचा 22 सितंबर से लागू

हाल ही में जीएसटी परिषद ने बड़ा फैसला लेते हुए दो-स्तरीय दर संरचना को मंजूरी दी है - 5% और 18%। यह नई व्यवस्था 22 सितंबर 2025 से लागू होगी। सीतारमण ने कहा कि वह उत्सुक हैं यह देखने के लिए कि लोग इस सुधार से कैसे लाभान्वित होते हैं।

उन्होंने कहा - "यह चरण बेहद कठिन लेकिन संतोषजनक था। यह जैसे कोई कठिन परीक्षा देना और पास करना। अब असली परीक्षा यह है कि इससे आम लोगों को कितना फायदा होता है।"

## उत्तराखंड में कथित धार्मिक धोखाधड़ी के लिए ऑपरेशन कालनेमी के तहत 14 लोगों की गिरफ्तारी

(जीएनएस)।

उत्तराखंड सरकार ने ऑपरेशन कालनेमि के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले आध्यात्मिक नेताओं के खिलाफ अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। यह पहल उन व्यक्तियों को लक्षित करती है जो कथित तौर पर धोखे और धार्मिक रूपांतरण में शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून-व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि 5,500 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिसके परिणामस्वरूप 1,182 लोगों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई है।

जुलाई में ऑपरेशन की शुरूआत के बाद से, अधिकारियों ने 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल हैं। अगस्त में, अधिकारियों ने नोट किया कि 4,000 लोगों से पूछताछ के बाद 300 गिरफ्तारियां की गई थीं। भरणे ने ऑपरेशन की सफलता पर प्रकाश डाला, जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों की जांच की गई।



हरिद्वार में, पुलिस ने 2,704 लोगों की जांच की, जिसके परिणामस्वरूप तीन गिरफ्तारियां हुईं। इस बीच, देहरादून में, 922 व्यक्तियों की जांच की गई, जिससे पांच गिरफ्तारियां हुईं। ऑपरेशन अन्य जिलों जैसे टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा और नैनीताल तक फैला हुआ है।

भरणे ने देवभूमि की पवित्र छवि को बनाए रखने के लिए अभियान के लक्ष्य पर जोर दिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है जो आठ साल तक फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके अमित कुमार नाम के बंगाली डॉक्टर के रूप में सेलाकुई में रहता था।

मुख्य गिरफ्तारियां

कश्मीर के अनंतनाग से इफराज अहमद लोलू को सेलाकुई में गिरफ्तार किया गया। उसने कथित तौर पर अपने धर्म को छुपाया और महिलाओं के साथ संबंध बनाने के लिए राज आहूजा नाम के एक अमीर दिल्ली निवासी के रूप में पेश किया।

ऑपरेशन कालनेमि अपना नाम कालनेमि नामक राक्षस से लेता है, जो रामायण और महाभारत दोनों में दिखाई देता है। संजीवनी बूटी के लिए भगवान हनुमान के मिशन को विफल करने के लिए साधु के रूप में भेस बदलने के लिए जाने जाने वाले कालनेमि को बाद में महाभारत में कंस के रूप में पुनर्जन्म मिला।




# भावनगर रेलवे मंडल पर 'फिट इंडिया साइकलिंग ड्राइव' के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चलाई साइकिल







पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर आज फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से ह्लफिटनेस की डोज, आधा घंटा रोजह्व थीम के साथ ह्लफिट इंडिया साइकलिंग ड्राइवह्व (संडे ऑन साइकिल) का सफल आयोजन किया गया।

भावनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अतुल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ह्लफिट इंडिया साइकलिंग ड्राइवह्व के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनकी अगुवाई में मंडल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली भावनगर रेलवे अधिकारी विश्राम गृह से प्रारंभ होकर नीलम बाग सर्कल वाया ज्वेल्स सर्कल होते हुए पुनः रेलवे अधिकारी विश्राम गृह पर संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने लगभग 6 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की।

यह आयोजन स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रेरणादायक प्रयास साबित हुआ। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमाँशु शर्मा, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेल कर्मियों एवं आम नागरिकों को आलस्य, तनाव, चिंता और बीमारियों से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। भावनगर मंडल का यह कदम लोगों को दैनिक जीवन में फिटनेस गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जनरल कोच में यात्रियों को गुमराह करने वाले फर्जी टीटीई को पकड़ा

रेलवे सहायता पोर्टल पर प्राप्त शिकायत रेफरेंस संख्या 2025090702344 के अनुसार, गाड़ी संख्या 16613 के जनरल कोच में वडोदरा से अहमदाबाद के बीच एक व्यक्ति द्वारा स्वयं को टीटीई बताकर यात्रियों को गुमराह करने की सूचना प्राप्त हुई थी।

इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अहमदाबाद मंडल के वाणिज्य विभाग से उप स्टेशन अधीक्षक (उ्ट.रर/उड्ढ) श्री सचिन जादव एवं टिकट चेकिंग स्टाफ श्री राजेश ने तत्परता, सतर्कता एवं दक्षता का परिचय देते हुए आरपीएफ स्टाफ के सहयोग से उस संदिग्ध व्यक्ति को अहमदाबाद स्टेशन पर तत्काल पकड़ लिया।



प्रारंभिक पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम अमन प्रकाश बताया, किंतु वह कोई वैध रेलवे पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे ऋस्त्र अहमदाबाद को आवश्यक कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया।

उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) श्री सचिन जादव, टीटीई श्री राजेश एवं आरपीएफ अहमदाबाद द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई, सतर्कता एवं यात्रियों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अत्यंत सराहनीय है।

# आईएनएस कदमत्त की पापुआ न्यू गिनी यात्रा







(जीएनएस)।

पापुआ न्यू गिनी के 50वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना बैंड ने पोर्ट मोरेस्बी में भव्य सैन्य संगीतमय प्रस्तुति (ग्रैंड मिलिट्री टैटू) में भाग लिया, जो भारतीय नौसेना के पोत कदमत्त पर सवार होकर आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में कई देशों के बैंड एक साथ आए, जो संगीत की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से एकता, अनुशासन और साझा विरासत का प्रतीक थे।

भारतीय नौसेना बैंड ने मार्शल संगीत और भारतीय धुनों का मिश्रण प्रस्तुत किया, जिसकी गणमान्य व्यक्तियों और दर्शकों ने सराहना की। इस शानदार प्रदर्शन ने भारत के जीवंत सांस्कृतिक लोकाचार को प्रदर्शित किया और प्रशांत महासागर के देशों के साथ उसके दीर्घकालिक समुद्री संबंधों की पुष्टि की।

इस यात्रा के दौरान, आईएनएस कदमत्त के कर्मियों ने बोमाना युद्ध स्मारक का दौरा किया और द्वितीय विश्व युद्ध के शहीदों, जिनमें कई गुमनाम भारतीय सैनिक भी शामिल थे, के शौर्य और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर, उस साझा इतिहास और बलिदान पर प्रकाश डाला गया जो महासागरों और पीढ़ियों के पार के देशों को एक सूत्र में बाँधता है।

इन नायकों की स्मृति शक्ति का स्रोत है, जो कर्तव्य, सम्मान और साहस के आदर्श मूल्यों को कायम रखते हुए सदैव और हर समय सामूहिक संकल्प को मजबूत करती है।

# , भारत को खो देने वाले बयान के बाद ट्रंप ने क्यों लिया यू-टर्न, कहा- 'मोदी और मैं हमेशा रहेंगे दोस्त, वो महान पीएम हैं'

(जीएनएस)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने बयान पर यू-टर्न ले लिया है। कुछ घंटे पहले ही उन्होंने कहा था कि अमेरिका "भारत और रूस को चीन के हाथों खो चुका है।" लेकिन इसके तुरंत बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने गहरे रिश्तों को याद करते हुए कहा कि वे मोदी के "हमेशा दोस्त" रहेंगे और भारत-अमेरिका का रिश्ता "खास" है। ये बयान ट्रंप ने 5-6 सितंबर के दरमियान कुछ घंटों के बीच ही दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने जहां एक ओर भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगाकर कड़ा रुख अपनाया है, वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी के साथ दोस्ती और भारत-अमेरिका के "स्पेशल रिलेशनशिप" की भी दुहाई दी है। यानी बयानबाजी सख्त है, लेकिन रिश्तों की डोर अब भी मजबूत बताई जा रही है।

पहले ट्रंप का विवादित पोस्ट और फिर नरमी

ट्रंप ने 'मोदी और मैं हमेशा रहेंगे दोस्त' रहेंगे वाले बयान देने से कुछ घंटे पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ळ१४३ँ रड्ढं' पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी दिखाई दे रहे थे। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा-"लगता है हमने भारत और रूस को चीन के सबसे अंधेरे गहराई वाले खेमे में खो दिया है। उम्मीद है उन्हें साथ मिलकर लंबा और समृद्ध भविष्य मिले!"

भारत के 10 सबसे अमीर लोगों



में कितने 'ब्राह्मण'? ट्रंप के सलाहकार के बयान के बाद छिड़ी बड़ी बहस, देखें लिस्ट

ट्रंप का बड़ा पलटी बयान- 'मुझे नहीं लगता हमने भारत को खोया है'

लेकिन जब उनसे इस पर सवाल किया गया कि भारत को चीन के पाले में धकेलने के लिए वे किसे दोषी मानते हैं, तो ट्रंप ने कहा,

"मुझे नहीं लगता कि हमने भारत को खोया है। हां, मैं इस बात से निराश हूं कि भारत रूस से इतना तेल खरीद रहा है। मैंने उन्हें यह बात साफ बता दी है। हमने भारत पर बहुत बड़ा टैरिफ लगाया है -50% का, जो काफी ज्यादा है। लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, मेरा पीएम मोदी के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है। वे कुछ महीने पहले ही यहां आए थे।"

रूस से तेल आयात पर अमेरिका की आपत्ति

ट्रंप ने यह भी दोहराया कि अमेरिका भारत की रूस से तेल खरीद से खुश नहीं है। इसी वजह से उन्होंने हाल ही में भारतीय आयात पर 50% का टैरिफ लगाया, जो 27 अगस्त 2025 से लागू हो चुका है। इस टैरिफ का आधा हिस्सा सीधे तौर पर भारत-रूस ऊर्जा व्यापार को लेकर पेनल्टी के तौर पर लगाया गया है।

'मोदी महान नेता हैं, भारत-अमेरिका का रिश्ता खास'

अपने कठोर फैसलों के बावजूद ट्रंप ने मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, "मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। बस मुझे इस वक्त उनका एक कदम पसंद नहीं आ रहा। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। इसमें चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है।"

भारत पर ट्रंप प्रशासन का दबाव

ट्रंप प्रशासन के कई बड़े अधिकारी, जैसे हॉवर्ड लुटनिक, पीटर नवारो और स्कॉट बेसेंट, बार-बार भारत को रूस से व्यापार के लिए निशाना बना चुके हैं। हाल ही में पीटर नवारो ने यहां तक कह दिया कि 'भारत के ब्राह्मण रूस से तेल खरीद कर मुनाफा कमा रहे हैं और इसकी कीमत आम भारतीय चुका रहा है।' भारत सरकार ने इस बयान को "भ्रामक और गलत" करार देते हुए सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा-"हम ऐसे बयानों को पूरी तरह खारिज करते हैं।"

भारत-अमेरिका ट्रेड बातचीत जारी

भले ही टैरिफ और तीखे बयानों से रिश्ते में तल्खी दिख रही हो, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बातचीत अब भी जारी है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा कि "इसमें चिंता की कोई जरूरत नहीं है।" उन्होंने साफ किया कि ऐसे वातालर्राप धैर्य से आगे बढ़ाए जाते हैं और इनके लिए कोई

## ऐशिया कप 2025 से पहले पाकिस्तान-अफगानिस्तान खेलेगी फाइनल, ये टीम हो गई बाहर

(जीएनएस)। अफगानिस्तान और यूएई के बीच खेला गया पहला मैच रोमांचक अंदाज में खत्म हुआ। इस मुकाबले में अफगानिस्तान ने भले ही 4 रन से जीत दर्ज की, लेकिन यूएई ने आखिरी ओवर तक मुकाबले को जीवंत बनाए रखा। मैच में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले, जिसने इसे फैंस के लिए बेहद यादगार बनाने का काम किया।





अफगानिस्तान ने बनाए थे 170 रन

अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज (40) और इब्राहिम जादरान (48) ने शानदार ओपनिंग साझेदारी निभाई। दोनों ने पावरप्ले में धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और बाद में बड़े शॉट्स लगाए। हालांकि, बीच के ओवरों में अफगानिस्तान ने तेजी से तीन विकेट खो दिए, लेकिन करीम जनत (नाबाद 32) ने आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

यूएई की शुरूआत रही जबरदस्त

यूएई की ओर से हाइडर अली ने शानदार गेंदबाजी की और 2 विकेट चटकाए। वहीं, मोहम्मद रोहिद को किस्मत का साथ नहीं मिला क्योंकि उनके ओवर में दो आसान कैच छूटे। अगर ये कैच पकड़े जाते तो कहानी शायद अलग होती। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई की शुरूआत जबरदस्त रही। कप्तान मुहम्मद वसीम (44) और असिफ खान (40) ने रनगति को बनाए रखा।

मुजीब और नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी

वसीम ने शुरूआत में मुजीब उर रहमान को छक्का लगाकर दबाव अफगानिस्तान पर डाल दिया। लेकिन जैसे ही वसीम आउट हुए, अफगानिस्तान ने मैच में वापसी कर ली।

# 'द यश मंगलम शो' की नई लघु फिल्म 'पथ प्रदर्शक' में ज़िंदगी के मार्गदर्शकों की जय-जयकार

### "राष्ट्रीय शिक्षक दिवस" पर मायानगरी मुंबई में हुआ लोकार्पण

मुंबई, 5 सितम्बर। इंटरनेट के लोकप्रिय माध्यम यू-ट्यूब पर पिछले दिनों जारी विभिन्न लघु फिल्मों को मिली निरंतर सफलता के बाद सृजनात्मक उत्कृष्टता के एक सशक्त ब्रांड के रूप में लोकप्रिय होते जा रहे "द यश मंगलम शो" की नवीनतम कड़ी के रूप में लघु फिल्म "पथ प्रदर्शक" का लोकार्पण 5 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर देश की आर्थिक राजधानी और मायानगरी मुंबई में किया गया। इस लघु फिल्म में शिक्षकों और जीवन के हर पड़ाव पर उचित मार्गदर्शन करने वाले सभी पथ प्रदर्शकों की जय-जयकार की गई है।

एक अनूठी सृजनात्मक पहल के अंतर्गत "वाइब्रेशन्स मीडिया वर्क्स, मुंबई" द्वारा "महतपुरकर एंड मंगलम फाउंडेशन" के बैनर तले नवसृजित यह अद्भुत लघु फिल्म "पथ प्रदर्शक" सोशल मीडिया के सबसे सशक्त प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब पर एक सुरुचिपूर्ण चैनल "द यश मंगलम शो-2025' के अंतर्गत अपलोड की गई है, जो अपने अनूठे कंटेंट और प्रस्तुतीकरण के विलक्षण अंदाज के लिए काफी लोकप्रिय है और व्यापक तौर पर सराहा जाता रहा है। इससे पहले इस लोकप्रिय शो की "धरोहरः ए पोएटिक सागा", "शिल्पकार", "योगा रिट्रीट", "सेहत के रखवाले", *कारगिल विजय दिवस- ए पोएटिक सागा और "मैं भारत हूँ..!" जैसी प्रभावशाली कड़ियाँ यू-ट्यूब पर काफी अच्छा प्रतिसाद पा चुकी हैं। इस शो के जोशीले प्रस्तुतकर्ता यश मंगलम हैं, जो सिर्फ.15 वर्ष की आयु में ही सशक्त प्रस्तुतीकरण से अपनी दमदार शैली की बदौलत शो- बिज की दुनिया में अपना अच्छा मुकाम हासिल कर रहे हैं। इस विशेष लघु फिल्म का प्रभावशाली लेखन मुंबई के सुपरिचित गीतकार, मंच संचालक तथा मीडिया एवं जनसम्पर्क सलाहकार गजानन महतपुरकर ने किया है, जिसमें पथ प्रदर्शकों के




राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर "द यश मंगलम शो" की नवीनतम फिल्म "पथ प्रदर्शक के पोस्टर का दृश्य।

विभिन्न पहलुओं को बखूबी पिरोया गया है। उल्लेखनीय है कि गजानन महतपुरकर द्वारा लिखी गई 9 लघु फिल्में पहले ही यू-ट्यूब पर धूम मचा चुकी हैं। इसी क्रम में अब नवीनतम लघु फिल्म "पथ प्रदर्शक"* के जरिये गजानन महतपुरकर की सशक्त लेखनी और सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक एवं एडिटर अनुपम मंगलम के कुशल निर्देशन का कमाल यू-ट्यूब पर लोकप्रिय हो रहा है। इस लघु फिल्म के प्रोड्यूसर बॉलीवुड के जाने-माने लाइन प्रोड्यूसर दीपक भानुशाली हैं, जिन्होंने एक था टाइगर, जय हो, किक और रंगरेज जैसी चर्चित फिल्मों में अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। इस सशक्त, प्रभावशाली और संवेदनशील लघु फिल्म को सटीक एडिटिंग एवं कुशल निर्देशन के जरिये पर्दे पर उतारने का दायित्व बखूबी निभाया है, मुंबई के विज्ञापन एवं फिल्म जगत के भरोसेमंद निर्देशक अनुपम मंगलम ने, जिनको पिछले 25 सालों में 300 से ज्यादा विज्ञापन फिल्में बनाने का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। इस नवसृजित लघु फिल्म का भावपूर्ण संगीत समीर पखाले ने दिया है। वीडियोग्राफी संजय वैष्णव, वी एफ एक्स संयोजन गिनीलाल सालुंके और कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग कला मंगलम द्वारा सुनिश्चित की गई है। पोस्ट प्रोडक्शन "वाइब्रेशन्स मीडिया वर्क्स, मुंबई" ने किया है। उल्लेखनीय है कि भारत के दूसरे राष्ट्रपति रहे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर 5 सितम्बर को हर साल शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जारी इस विशेष लघु फिल्म को सोशल मीडिया पर काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और इसकी विलक्षण गुणवत्ता को बड़े पैमाने पर सराहा जा रहा है। इस लघु फिल्म की प्रमुख पंक्तियाँ कुछ इस तरह रची गई हैं :- "शिक्षक जो स्वयं तपकर...अपने शिष्यों में भरते हैं....विश्वास की अनूठी शक्तिङ्घ! जो अच्छाइयों की सही सीख देकर हमें दिलाते हैं बुराइयों से मुक्ति, जो स्वयं ठोकरें खाकर भी..... हमें सँभलना सिखाते हैं, जो हमारे भीतर सही-गलत की चेतना जगाते हैं, उनके आदर्श हमारे मन को थमाते हैं अनुशासन की डोर, उनकी शिक्षा हमें ले जाती है.. अज्ञानता से उजाले की ओर, शिक्षक ही बनते हैं विपरीत परिस्थितियों में हमारे स्वाभिमान के रक्षक, ये होते हैं हमारे-आपके जीवन के असली "पथ प्रदर्शक"..! आइये, आज शिक्षक दिवस के अवसर पर हम प्रकट करें सभी शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार..! हमारे जीवन के सभी पथ प्रदर्शकों की अंतर्मन से जय-जयकार..!"

यह लघु फिल्म इस यू-ट्यूब लिंक पर देखी जा सकती है :-

https://youtu.be/m9dXhLYgu2E?si=gap9VZO2fFpoDUnQ

# भारत ने एससीओ व्यापार मंत्रियों की बैठक में विश्व व्यापार संगठन-केंद्रित, निष्पक्ष व्यापार प्रणाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया

### भारत ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का प्रदर्शन किया, एससीओ में निष्पक्ष एवं सुरक्षित ई-कॉमर्स ढांचे पर सहयोग का प्रस्ताव रखा

(जीएनएस)।

भारत ने 06 सितंबर 2025 को व्लादिवोस्तोक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के व्यापार मंत्रियों की बैठक में साझा समृद्धि के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सामूहिक शक्तियों का लाभ उठाने की संभावनाओं पर जोर दिया और निर्यात विविधीकरण, निर्भरता कम करने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एससीओ में दुनिया की 42% आबादी और वैश्विक व्यापार का 17.2% हिस्सा है, इसलिए भारत ने व्यापार प्रवाह बढ़ाने, कमजोरियों को दूर करने और पूरे क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए समन्वित कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री



का प्रतिनिधित्व करते हुए, वाणिज्य विभाग के अपर सचिव, श्री अमिताभ कुमार ने विश्व व्यापार संगठन (डबल्‍ यू.टी.ओ.) को केंद्र में रखते हुए एक खुली, निष्पक्ष, समावेशी और भेदभाव रहित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विकास-केंद्रित एजेंडे के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण (पी.एस.एच.) पर एक स्थायी समाधान, विकासशील देशों के लिए प्रभावी विशेष एवं विभेदक उपचार (एस एण्ड डी टी), और पूरी तरह कार्यात्मक द्वि-स्तरीय डबल्‍ यू.टी.ओ. विवाद निपटान प्रणाली की बहाली शामिल है। उन्होंने आर्थिक विकास को मजबूत करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एमएसएमई की व्यापक भागीदारी को समर्थन देने के लिए, राष्ट्रीय कानूनों और पारदर्शिता के अनुरूप, सेवा व्यापार और कुशल पेशेवरों की अस्थायी आवाजाही की भूमिका पर भी जोर दिया।

भारत ने राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए, भौगोलिक विस्तार, अंतर-संचालनीय लॉजिस्टिक्स, पूवार्नुमानित बाजार पहुँच और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से आपूर्ति और उत्पादन श्रृंखलाओं में विविधता लाने और जोखिम कम करने के महत्व पर बल दिया। कहा कि लगातार व्यापार असंतुलन को बेहतर बाजार पहुँच, मानकों पर सहयोग और सुव्यवस्थित व्यापार सुविधा के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए। भारत ने आगाह किया कि निर्यात संबंधी उपायों का इस्तेमाल कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजारों को विकृत करने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के लिए शस्त्र के रूप में नहीं किया जाना चाहिए या उनका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए और इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य में विश्वास बनाए रखने के लिए उनका संतुलित और पारदर्शी उपयोग आवश्यक है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, भारत ने निष्पक्ष, पारदर्शी और पूवार्नुमानित नियामक ढाँचों, सर्वोत्तम प्रथाओं पर स्वैच्छिक सहयोग और सुरक्षित, नवाचार-आधारित डिजिटलीकरण के लिए क्षमता निर्माण पर केंद्रित एससीओ कार्यप्रवाहों का प्रस्ताव रखा। भारत ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डी.पी.आई.) में अपनी उपलब्धियों का भी प्रदर्शन किया, जिसमें रीयल-टाइम भुगतान के लिए यू.पी.आई., पहचान और सहमति प्रबंधन के लिए इंडिया स्टैक और अनबंडल डिजिटल कॉमर्स के लिए डठऊ शामिल हैं। इन पहलों को एमएसएमई लागत कम करने, बाजारों तक पहुँच बढ़ाने और विश्वसनीय भागीदारों के बीच पायलट परियोजनाओं सहित रीयल-टाइम निपटान को सक्षम करने के लिए कम लागत वाले, मानक-आधारित और अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया।

सतत विकास के संदर्भ में, भारत ने समानता और साझा लेकिन विभेदित उत्तरदायित्वों एवं विशिष्ट क्षमताओं (सीबीडीआर-आरसी) के सिद्धांत पर जोर दिया। इसने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) पहल पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि जलवायु कार्रवाई को वित्त और किफायती प्रौद्योगिकी प्रवाह द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। भारत ने यह भी आगाह किया कि व्यापार से जुड़े जलवायु उपायों के परिणामस्वरूप मनमाना या अनुचित भेदभाव नहीं होना चाहिए।

भारत ने एवीजीसी क्षेत्र (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) को रोजगार, निर्यात और समावेशी विकास के इंजन के रूप में रेखांकित किया। इसने इस वर्ष की शुरूआत में पहली बार आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) की अपनी सफल मेजबानी को याद किया, जिसमें 100 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस शिखर सम्मेलन ने कई पहलों को गति दी, जिनमें वैश्विक मीडिया सहयोग के लिए वेव्स बाजार, रचनात्मक स्टार्ट-अप फंडिंग के लिए वेवएक्स, और क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के माध्यम से प्रतिभा विकास के लिए क्रिएटोस्फीयर शामिल हैं। सरलीकृत नियामक ढाँचों और पहले से मौजूद 17 सह-निर्माण समझौतों द्वारा समर्थित इंडिया सिने हब के माध्यम से, भारत खुद को एक वैश्विक फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

भारत ने एक ठोस व्यापार और आर्थिक एजेंडा तैयार करने और व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एससीओ शासनाध्यक्षों (प्रधानमंत्रियों) की परिषद की रूसी अध्यक्षता के लिए धन्यवाद दिया। इसने पूरे क्षेत्र में सतत और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 2026-27 में एससीओ सीएचजी की ताजिकिस्तान की अध्यक्षता में सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI

# सम्पादकीय

## बढ़ती विद्युत दुर्घटनाएं-जागरूकता की जरूरत

विद्युत सुरक्षा जागरूकता अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाना चाहिए जिससे हर आदमी विद्युत सुरक्षा के नियमों को जान सके और उनका सही प्रयोग करके सुरक्षित रह सके। हमारी थोड़ी सी सावधानी, सजगता एवं समय से बिजली विभाग को दी गई सूचना सम्भावित बड़ी विद्युत दुर्घटना रोक सकती है तथा कई लोगों के अमूल्य जीवन की रक्षा कर सकती है। हमारे दैनिक जीवन में बिजली की उपयोगिता काफी बढ़ गई है। हम निजी जीवन में घर, दफ्तर या काम की अन्य जगहों पर चाहे वह उद्योग हों, वाणिज्यिक संस्थान हों अथवा सार्वजनिक स्थान हो, बिजली का प्रयोग अवश्य ही करते हैं। बिजली न रहने पर ऐसा लगता है कि हमारी दिनचर्या रूक सी गई है, आज हम दैनिक जीवन के अधिकांश गतिविधियों हेतु बिजली पर निर्भर हो चुके हैं। बिजली ने हमारे जीवन को जहां एक तरफ आरामदायक बनाया, वहीं दूसरी तरफ मामूली सी चूक या लापरवाही होने पर यही बिजली हमारे जान-माल के लिए खतरा भी बन जाती है। कहते हैं कि बिजली एक अच्छा दोस्त है किन्तु, असावधानी/लापरवाही भरा व्यवहार करने पर यह सबसे खतरनाक दुश्मन बन जाती है। देश में विद्युत दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जोकि हमारे लिए बड़ी चिता का विशय बनती जा रही हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में हर साल करीब 12,500 लोगों की मृत्यु बिजली के करंट लगने से ही होती हैं। यानि 30 लोग प्रतिदिन भारत में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से मरते हैं, जोकि बहुत ही दुःखद एवं पीड़ादायक है। विद्युत सुरक्षा सम्बन्धी नियमों की जानकारी देकर एवं लोगों को इन नियमों को पालन करने हेतु जागरूक करके हम विद्युत दुर्घटनाओं एवं इसके कारण होने वाली मौतों को काफी हद तक कम कर सकते हैं। वर्तमान में हम देखते हैं कि 11000 वोल्ट या इससे अधिक वोल्टेज की विद्युत लाईनों के नीचे या इन लाईनों से बहुत कम दूरी पर लोग अपना घर बना लेते हैं। कई बार अपने घर के बारजे को इतना बढ़ा लेते हैं जिससे मकान की छत पर कोई भी व्यत्ति कार्य करते समय जरा सी लापरवाही होने पर विद्युत लाईनों के सम्पर्व में आ जाता है और विद्युत दुर्घटना का शिकार हो जाता है। कई बार विद्युत लाईनों के नीचे से ट्रैक्टर, ट्रक अथवा बस के ऊपर लदे हुये सामान विद्युत लाईन के सम्पर्व में आ जाने के कारण बड़ी विद्युत दुर्घटना हो जाती है। अक्सर बारिश के दिनों में विद्युत पोलों में करंट उतरने अथवा कटी-फटी स्रविस केबिल से टीन-शेड इत्यादि में करंट उतरने के कारण भी विद्युत दुर्घटनायें होती हैं। विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत सुरक्षा के नियमों की जानकारी होना तथा उनका सख्ती से पालन किया जाना अतिआवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक लोगों में विद्युत सुरक्षा नियमों की जानकारी का काफी अभाव दिखता है। घर के अन्दर पंखे में, स्वीच बोर्ड में, वूलर/फरार्टा पंखे, वाशिग मशीन, प्रिज इत्यादि दैनिक उपयोग के विद्युत उपकरणों में करंट उतरने के कारण विद्युत दुर्घटना होने की खबरें प्रायः सुनने को मिलती रहती हैं। घरों के अन्दर विद्युत दुर्घटनायें प्रायः पुराने विद्युत उपकरणों के प्रयोग, पुरानी केबिल जोकि कई जगह कट-फट गई है तथा इंश्युलेशन खराब हो गया है, के प्रयोग करने एवं उनको भीगे बदन बिना जूते-चप्पल पहने छूने से हो जाती है। हमारे देश में लोगों की आमदनी जैसे-जैसे बढ़ी है, वैसे-वैसे लोगों का रहन-सहन का स्तर भी सुधरा है तथा हमारे घरों में अधिक विद्युत लोड वाले उपकरणों का उपयोग भी बढ़ गया है। कई बार हम एक ही विद्युत स्रकिट में एक से ज्यादा विद्युत उपकरण लगा देते हैं, जिस वजह से उस स्रकिट में उसकी क्षमता से ज्यादा करंट बहने से वह गर्म हो जाता है तथा आग लगने से शॉर्ट- स्रकिट होने के कारण विद्युत दुर्घटना हो जाती है। घर के अन्दर होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हमें साल भर में कम से कम एक बार घर की वायरिग खास कर पुराने बने घरों की वायरिग की जाँच किसी अच्छे इलेक्ट्रिशियन के करवानी चाहिए तथा कटे-फटे एवं पुराने तारों को बदल देना चाहिए। किसी भी प्रकार के खुले जोड़ बिजली की तारों में नहीं होने चाहिए। तारों के जोडों को अच्छी क्वालिटी के टेप लगाकर बन्द कर देना चाहिए। जिन घरों की वायरिग 15-20 साल पुरानी है उनकी नई वायरिग करानी चाहिए क्योंकि पुरानी वायरिग की क्षमता वर्तमान के बढ़े हुए भार वहन नहीं कर सकती हैं।

# एयूआरआईसी (ऑरिक) स्मार्ट सिटी ने औद्योगिक उत्कृष्टता और परिवर्तन के छह वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया

**71,343 करोड़ रुपये के निवेश की क्षमता वाली 62,405 नौकरियां सृजित करने वाली परियोजनाएं**

**बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में 49 एमएसएमई, 27 बड़े पैमाने की परियोजनाओं और 4 गैर-एमएसएमई को भूखंड आवंटित किए गए**

**20,000 वर्ग फुट प्रतिभाओं को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने के लिए सीआईआई के साथ ऑरिक में कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा**

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित ऑरिक (शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र) अपनी छठी वर्षगांठ पर गर्व से औद्योगिक प्रगति, वैश्विक निवेश और सतत विकास की यात्रा का उत्सव मना रहा है। यह राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत विकसित भारत के पहले ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों में से एक है।

ऑरिकः विकास और प्रभाव

छह वर्षों में, औद्योगिक और मिश्रित उपयोग श्रेणियों में 323 भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें 3,029 एकड़ औद्योगिक भूमि और 117 एकड़ मिश्रित उपयोग भूमि शामिल है। कुल निवेश क्षमता ₹71,343 करोड़ से अधिक है, जिसमें 62,405 (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) रोजगार की संभावना है।

वर्तमान में, 78 इकाइयां चालू हैं, 62 कारखाने निमार्णाधीन हैं, और 184 इकाइयां निर्माण शुरू करने की तैयारी कर रही हैं।

छह वर्षों में उपलब्धियां

शेन्द्रा औद्योगिक क्षेत्र में 135 एमएसएमई, 17 बड़े पैमाने की परियोजनाओं और 16 गैर-एमएसएमई को भूखंड आवंटित किए गए हैं (जिसमें दक्षिण कोरिया की ह्योसंग जैसी प्रमुख निवेशक शामिल हैं, जिसने भारत में अपना पहला स्पैन्डेक्स संयंत्र यहीं शुरू किया है)।

बिडकीन औद्योगिक क्षेत्र में 49 एमएसएमई, 27 बड़े पैमाने पर परियोजनाओं और 4 गैर-एमएसएमई को भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें ऑटोमोबाइल्स, ईवी, पॉलीमर्स, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों की विश्वस्तरीय कंपनियाँ हैं।

ऑरिक में औद्योगिक भूमि लगभग पूरी तरह से आवंटित हो चुकी है, जो इसके बुनियादी ढांचे और नीतिगत ढांचे में निवेशकों के विश्वास को दशार्ता है।

एमएसएमई और महिला उद्यमियों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें वैशाली अजीत देशपांडे (अनुकुल पावर इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड), डॉ. हषार्ली संदीप देशमुख (टबोनीवा पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड) और सुश्री पायल नाइकवाड़ (रेयॉन इल्यूमिनेशन्स एंड एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड) जैसे अग्रणी लोग समावेशी विकास के उदाहरण हैं।

कार्यबल क्षमताओं को बढ़ाने और प्रतिभा को उद्योग के साथ जोड़ने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ साझेदारी में ऑरिक में 20,000 वर्ग फुट के कौशल विकास केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव।

एमएसएमई के लिए ऑरिक में कार्यालय स्थान का किराया 50 रुपये से घटाकर 25 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया गया है - 1 अप्रैल, 2025 से 50% की कटौती प्रभावी होगी।

शेंद्रा औद्योगिक क्षेत्र

₹6,096 करोड़ के निवेश से 14,455 नौकरियाँ सृजित हुई हैं। प्रमुख निवेशकों में ह्योसंग (दक्षिण कोरिया) शामिल है, जिसने भारत में अपना पहला स्पैन्डेक्स संयंत्र यहीं स्थापित किया है। अन्य उल्लेखनीय निवेशक हैंः पर्किन्स (यूके), फूजी सिल्वरटेक (जापान), ओर्लिकॉन बेकियर्स (लिकटेंस्टीन), सीमेंस (जर्मनी), एनएलएमके (रूस), कोहलर (अमेरिका), कोटॉल फिल्म्स (भारत), एंड्योरेंस कम्प्लीट सॉल्यूशंस (भारत), डेटपैक (भारत) आदि।

बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र

बिडकिन मराठवाड़ा क्षेत्र में तेजी से विकास के इंजन के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र ने ₹76,219 करोड़ के बड़े निवेश आकर्षित किए हैं, जिनमें एथर एनर्जी (ईवी), लुब्रीजोल (रसायन), टोयोटा किर्लोस्कर (ऑटोमोबाइल) और जेएसडब्ल्यू ग्रीन मोबिलिटी शामिल हैं, और यहाँ 35,000 से ज्यादा नौकरियों की संभावना है।

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) के सीईओ एवं एमडी, श्री रजत कुमार सैनी ने कहा, "ऑरिक की यात्रा एनआईसीडीसी स्मार्ट सिटीज के व्यापक दृष्टिकोण को दशार्ती है -




जिसका उद्देश्य विनिर्माण, स्थिरता और समावेशी विकास के भविष्य के लिए तैयार केंद्र बनाना है। मात्र छह वर्षों में, ऑरिक वैश्विक और घरेलू निवेशकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है, और इसने इस बात के मानक स्थापित किए हैं कि कैसे औद्योगिक टाउनशिप एमएसएमई को सशक्त बना सकती हैं, रोजगार सृजित कर सकती हैं और क्षेत्रों का कायाकल्प कर सकती हैं। भविष्य की ओर देखते हुए, हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि ऑरिक जैसे स्मार्ट शहर आने वाले दशकों तक भारत की विकास गाथा को गति देते रहें।"

ऑरिक निवेशकों को विश्वस्तरीय, प्लग-एंड-प्ले बुनियादी ढाँचा प्रदान करता है जिसमें चौड़ी सड़कें, सुनिश्चित जल और बिजली आपूर्ति, साथ ही उन्नत सीवेज और अपशिष्ट जल उपचार सुविधाएँ शामिल हैं। यह शहर ई-गवर्नेंस, एकल-खिड़की मंजूरी, ऑनलाइन भूमि और भवन योजना अनुमोदन, और एक केंद्रीय कमांड और नियंत्रण प्रणाली जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को एकीकृत करता है। बिजली वितरण लाइसेंस और भूमिगत नेटवर्क के साथ, ऑरिक निर्बाध, उच्च-गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी मूल्य वाली बिजली सुनिश्चित करता है। इस औद्योगिक शहर को ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी/आईटीईएस और रसायन जैसे क्षेत्रों को कवर करते हुए एक क्षेत्रीय क्लस्टर-आधारित मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जिससे व्यवसायों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा।

इस क्षेत्र को समृद्धि महामार्ग, प्रस्तावित संभाजीनगर-पुणे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, जालना ड्राई पोर्ट, और औरंगाबाद हवाई अड्डे व प्रमुख रेल संपर्कों की निकटता सहित बहु-मॉडल कनेक्टिविटी का समर्थन प्राप्त है। पीएम गतिशक्ति के साथ जुड़ी ये कनेक्टिविटी पहल, रसद दक्षता को बढ़ाती हैं और ऑरिक को एक प्रतिस्पर्धी निवेश केंद्र बनाती हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ऑरिक, डीएमआईसी (दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा) का एक अभिन्न अंग है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के साथ इसकी कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा, जिससे छत्रपति संभाजीनगर को एक केंद्रीय विनिर्माण और निवेश केंद्र के रूप में बढ़ावा मिलेगा।

निवेशकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियमित उच्च-स्तरीय सहभागिता से ऑरिक को लाभ मिलता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और डीपीआईआईटी सचिव श्री अमरदीप सिंह भाटिया ने निवेशकों से बातचीत करने और जमीनी स्तर पर प्रगति की समीक्षा करने, समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करने और कारोबारी माहौल में निरंतर सुधार लाने के लिए कई दौरे किए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 7 सितंबर 2019 को ऑरिक सिटी का उद्घाटन किया। इसी अवसर पर, उन्होंने स्मार्ट सिटी के प्रशासनिक और निगरानी केंद्र के रूप में कार्यरत छह मंजिला इमारत, ऑरिक हॉल का उद्घाटन किया, जो प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन और व्यापार में आसानी इसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

2030 तक महाराष्ट्र की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा में ऑरिक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपने मजबूत बुनियादी ढाँचे, प्रमुख निवेशकों और रोजगार सृजन के साथ, ऑरिक 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण में भी योगदान दे रहा है। यह शहर मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए निरंतर अवसर प्रदान कर रहा है और विनिर्माण, निर्यात और नवाचार के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है। केवल छह वर्षों में, ऑरिक औद्योगिक स्मार्ट शहरों के लिए एक केन्द्र बन गया है।

ऑरिक के बारे में

ऑरिक, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) के अंतर्गत विकसित एक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट सिटी है। इसका प्रबंधन महाराष्ट्र औद्योगिक टाउनशिप लिमिटेड (एमआईटीएल) द्वारा किया जाता है, जो भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार के संयुक्त उद्यम द्वारा गठित एक विशेष प्रयोजन वाहन है।

शेंड्रा एंड बिडकिन (ऑरिक) घरेलू और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचा, बड़े, एक-दूसरे से जुड़े भूखंड, प्लग-एंड-प्ले सुविधाएँ और एकल-खिड़की मंजूरियाँ प्रदान करता है। यह ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों पर केंद्रित है।

ऑरिक टिकाऊ और समावेशी औद्योगिक विकास के लिए एक मॉडल के रूप में सामने आया है, जो एमएसएमई, बड़े पैमाने के उद्योगों और उद्यमियों के लिए अवसर प्रदान करता है, साथ ही आवासीय और सामाजिक सुविधाओं के साथ संतुलित विकास सुनिश्चित करता है।

# धोनी ने रखा फिल्मी दुनिया में कदम, फायरिंग करते हुए गुंडों पर टूट पड़े माही, कब रिलीज होगी मूवी

(जीएनएस)।

मैदान पर अपनी शांति और सूझबूझ से सबको हैरान करने वाले महेंद्र सिंह धोनी अब एक नए किरदार में दिखाई देंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर होने के बाद, धोनी ने पहली बार एक्शन की दुनिया में कदम रखा है। उनका नया फिल्मी अवतार देखकर हर कोई हैरान हो गया है।

उनकी यह नई फिल्म 'द चेज' है, जिसे हाई-एनर्जी थ्रिलर फिल्मों के लिए मशहूर वासन बाला ने निर्देशित किया है। फिल्म में उनके साथ अनुभवी अभिनेता आर। माधवन भी मुख्य भूमिका में हैं।

जैसे ही फिल्म का टीजर रिलीज हुआ, फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया है। क्रिकेट की दुनिया की प्रतिष्ठित हस्ती और अनुभवी अभिनेता की अनोखी जोड़ी ने सोशल मीडिया पर



हलचल मचा दी है। फैंस इस कोलैबरेशन को लेकर काफी उत्सुक हैं और फिल्म की कहानी के बारे में और जानने के लिए बेताब हैं।

उत्साहपूर्ण इस टीजर में इस प्रोजेक्ट की पहली झलक बेहद दमदार तरीके से पेश की गई है। धोनी और माधवन दोनों ही कॉम्बैट-रेडी यूनिफॉर्म में नजर आते हैं, जिनके कंधों पर सनग्लासेस और हथियार हैं, जैसे दो ऑपरेटिव किसी हाई-स्टेक्स मिशन पर निकले हों। सिनेमाई बैकड्रॉप के बीच शूट किया गया यह क्लिप एक्शन, सस्पेंस और टीम स्पिरिट का एहसास दिलाता है, जबकि कहानी को अभी तक पूरी तरह से खुलासा नहीं किया गया है।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि यह कोई फीचर फिल्म हो, शॉर्ट या डिजिटल फिल्म हो या फिर कमर्शियल फिल्म हो लेकिन मुख्य काम दर्शकों का ध्यान खींचना था, जिसमें कामयाबी मिली है। अभी तक पूरी तरह से खुलासा नहीं हुआ कि यह फिल्म है या कोई वेब सीरीज है।

# टाइगर श्रॉफ की फिल्म ने ली अच्छी ओपनिंग, पहले दिन छापे इतने करोड़

(जीएनएस)।

टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड एक्शन फिल्म 'बागी 4' सिनेमाघरों लग गई है। फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म रिलीज होते ही चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म ने पहले दिन पहले दिन अच्छी कमाई की है। ओपनिंग डे पर डबल डिजिट में कमाई की है। लेकिन टाइगर श्रॉफ की पिछली फिल्म 'बागी 3' के ओपनिंग डे कलेक्शन को पीछे छोड़ नहीं पाई।

'बागी 4' से मेकर्स को बहुत उम्मीदें थीं। उसकी वजह ये थी कि फिल्म के साथ कोई बड़ी पिक्चर का ना रिलीज होना और इस फ्रैंचाइज की लेगसी होना। लेकिन शुरूआती आंकड़े देखकर मेकर्स और टाइगर श्रॉफ भी खुश नहीं होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ की इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 12 करोड़ रुपये का अनुमानित



कलेक्शन किया है। अनुमानित इसलिए क्योंकि अभी इस आंकड़ों में हेर-फेर संभव है। ऐसे में आंकड़ें अभी दुरुस्त हो सकते हैं। बागी एक बड़ी फ्रैंचाइज है, अगर ये फिल्म 70 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करती है तो ये फ्रैंचाइज 500 करोड़ी बन जाएगी। ये टाइगर के करियर के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये आंकड़े प्रारंभिक अनुमान हैं और वास्तविक आंकड़ों में थोड़ा बदलाव संभव है। फिल्म के इस ठीक-ठाक कलेक्शन ने निमार्ताओं और प्रशंसकों दोनों को राहत दी है। टाइगर की फिल्म को देखने वीकेंड में लोग पहुंच सकते हैं।

ए. हर्षा के निर्देशन में बनी 'बागी 4' में टाइगर श्रॉफ के अलावा हरनाज संधू, सोनम बाजवा और संजय दत्त ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म का बजट लगभग 100 से 150 करोड़ रुपये का खर्च आया है। ऐसे में फिल्म को कम से कम 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करनी होगी। तभी इसका बजट निकल पाएगा। फिल्म में इतना एक्शन है कि लोग उसे ही देखना पसंद कर रहे हैं।

# डॉ. मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत नई दिल्ली में सांसदों के साथ साइकिल चलाई; नागरिकों से भारत में निर्मित उत्पाद खरीदने का आग्रह किया

**केंद्रीय खेल मंत्री ने अधिकांश खेल वस्तुओं पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिससे आम आदमी के लिए खेल सामान खरीदना आसान हो गया**

**राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने "#गर्वसेस्वदेशी" के लिए समर्थन व्यक्त किया; आत्मनिर्भर एवं स्वस्थ भारत के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की**



(जीएनएस)।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत प्रतिष्ठित इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर सांसदों के साथ साइकिल चलाई। इस पहल का अनूठा विषय 'गर्व से स्वदेशी' है और इसमें भारत में बने उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 39वां संस्करण भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर में 8000 स्थानों पर आयोजित किया गया। नई दिल्ली में, ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। इसमें 1500 से ज्यादा साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। 'संडे ऑन साइकिल' के इस संस्करण में एक नया जुड़ाव देखने को मिलाः 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव, जिसमें भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के साथ अपने स्टॉल लगाए।

इस कार्यक्रम में शामिल सांसदों में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में ट्रैक की लंबाई के लिहाज से दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में से एक, भारतीय रेलवे को बधाई दी गई। भारतीय रेलवे के 250 से ज्यादा कर्मचारियों ने इस साइकिलिंग पहल में भाग लिया।

साइकिलिंग रूट पूरा करने के बाद, डॉ. मांडविया ने कहाः "मुझे 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है। यह जन आंदोलन बन गया है और इसने सक्रिय जीवनशैली अपनाने के बारे में काफी जागरूकता फैलाई है। आज, मैंने सांसदों के साथ 'गर्व से स्वदेशी' विषय के अंतर्गत साइकिल चलाई। मैं इस अवसर पर सभी नागरिकों से भारत में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह करता हूँ।"

खेल के सामान पर हाल ही में की गई जीएसटी कटौती पर, डॉ. मांडविया ने कहा, "हम ज्यादातर खेल के सामान पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। इससे ये सामान नागरिकों के लिए किफायती हो जाएँगे और उन्हें खेल और फिटनेस गतिविधियों में ज्यादा सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे। ज्यादा माँग से भारतीय खेल सामान निर्माण इकाइयों के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा और खेल पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा।"

युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहाः "दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में #'संडे ऑन साइकिल' के 39वें संस्करण में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। यह माननीय केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जी के नेतृत्व में उल्लेखनीय फिटनेस अभियान है। इस कार्यक्रम में माननीय सांसद, ओलिंपिक चैंपियन साक्षी मलिक और साई एवं भारतीय रेलवे के गणमान्य व्यक्ति एकता के जीवंत प्रदर्शन के लिए शामिल हुए। हमने मिलकर "#गर्वसेस्वदेशी" का संकल्प लिया और आत्मनिर्भर एवं स्वस्थ भारत के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि की।"

ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में भाग लेने के बाद खुशी जाहिर की। उन्होंने देश की जनता में फिटनेस को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को देश के लिए सम्मान हासिल करने में सहायता करने के सरकार के प्रयासों पर बल दिया।

साक्षी ने कहा, "मुझे फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। आज, भारत सरकार और खेल मंत्रालय द्वारा देश भर में 8000 से ज्यादा जगहों पर इसका आयोजन किया जा रहा है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने 2019 में फिट इंडिया की शुरूआत की थी और हमारे खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिसंबर 2024 में 'संडे ऑन साइकिल' पहल की शुरूआत की थी। हजारों लोगों और खासकर हमारे संसदीय क्षेत्र के सदस्यों के साथ साइकिल चलाने का यह मेरा पहला अनुभव था। मैं सभी से कहना चाहूँगी कि वे हर दिन एक घंटा फिटनेस और अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए समर्पित करें।"

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई), योगासन भारत और 'मेरा युवा भारत' के सहयोग से 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया जा रहा है। यह साइकिलिंग अभियान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अलावा साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, साई प्रशिक्षण केंद्रों, खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में विभिन्न आयु वर्गों के लिए एक साथ आयोजित किया जा रहा है।

# संडीला में ट्रॉमा सेंटर की मांग, तत्कालीन विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

(जीएनएस)।

संडीला (हरदोई) क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को लेकर तत्कालीन विधायक राजकुमार अग्रवाल "राजिया" ने आवाज बुलंद की है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अविजित विधायक राज कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र सौंप संडीला में ट्रॉमा सेंटर हॉस्पिटल की स्थापना की मांग की है। तत्कालीन विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते हुए कहा है कि संडीला नगरपालिका, जनपद हरदोई और लखनऊ से लगभग 55



किमी दूर स्थित है। ऐसे में गंभीर रूप से घायल या आपातकालीन मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा न मिल पाने से उन्हें भारी कठिनाई झेलनी पड़ती है।

उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आग्रह किया कि संडीला में ट्रॉमा सेंटर स्थापित कर क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत प्रदान की जाए। ग्रामीणों और नगरवासियों का भी मानना है कि यदि यह सुविधा संडीला में उपलब्ध हो जाए तो सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर आपात स्थितियों में कई ज़िंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। जैसे ही क्षेत्रवासियों को यह खबर पहुंची, क्षेत्र में एक नई ऊर्जा की लहर दौड़ गई।

# पारंपरिक जल विहार,साधु-संतों और जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

(जीएनएस)।

सीतापुर, गोंदलामऊ क्षेत्र के ऐतिहासिक बछखेरवा कैलाश धाम स्थित ऐमा घाट पर वर्षों से चली आ रही पारंपरिक जल विहार यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन जहां आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बना, वहीं सामाजिक और राजनीतिक सहभागिता का भी केंद्र रहा।

इस भव्य जल विहार कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महंत नारायणदास जी महाराज व उनके साथ ही महंत संतोष जी, महंत सुरेश चंद्र अवस्थी, प्रांत प्रचारक विमल मिश्रा तथा श्याम जी महाराज ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कर भक्तों को आशीर्वचन प्रदान



किए। इनके सान्निध्य में घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार, संत समागम और आध्यात्मिक चर्चा का वातावरण अत्यंत दिव्य और भक्तिमय रहा।

कार्यक्रम की शोभा तब और बढ़ गई जब क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। सिधौली विधायक मनीष रावत, योगेन्द्र सिंह जी, एवं क्षेत्र के युवा नेता लिटिल सिंह के आगमन ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह भर दिया। उन्होंने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया और इस पारंपरिक आयोजन को संरक्षित रखने का आश्वासन भी दिया।

मेला कमेटी की ओर से कार्यक्रम की भव्यता और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। मेला कमेटी के संरक्षक रामजीवन अर्कवंशी, अध्यक्ष रामचंद्र अर्कवंशी, तथा प्रमुख सदस्य नागेश पाण्डेय और अनूप अर्कवंशी ने समस्त व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला।

अंत में, मेला कमेटी की ओर से सभी आगंतुकों, संतों एवं श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और इस आयोजन को हर वर्ष और भी भव्य रूप से करने का संकल्प लिया गया।

# प्रेम विवाह के बाद धोखे से अबार्शन कर कराने पर माल थाने में युवती की दी तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, जांच जारी

माल लखनऊ

एक युवती ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने अपनी बुआ के गांव पीरनगर निवासी देवा शर्मा से तीन वर्ष पूर्व मंदिर में प्रेम विवाह किया था। इसके बाद मैं गर्भवती हो गई तो पति देवा ने कहा कि अभी बच्चे की कोई जरूरत नहीं है तो मैने कहा मुझे जरूरत है बच्चे की। तो मुझे धोखे से अपनी बहन सोनाली के यहां दिल्ली भेज दिया। जहां सोनाली बहाने से मुझे डाक्टर को दिखाने ले गई थी। डाक्टर ने दवा जो दी थी वह मेरी ननद सोनाली ने बताया कि दवा खा लो इससे बच्चा हेल्थी होगा। मैने दवा खाया उसके तीन घंटे बाद मेरी तबियत बिगड़ने लगी तो शिवा ने कहा कि लखनऊ भेज दो तो मुझे लखनऊ लाया गया। जहां किसी डाक्टर को दिखाया तो उसने बताया कि यह दवा तो एबॉर्शन की है। इसका इलाज सही नहीं हुआ तो यह तीन घंटे में में सकती है। इसके बाद मेरे पति देवा शर्मा ने अपने रिश्तेदार संडीला निवासी संध्या से बात की तो उन्होंने कहा कि तुम कर से लेकर मेरी क्लिनिक में आ जाओ जो मुझे संध्या के यहां लेकर पहुंचे जहां संध्या किसी नर्सिंग होम में नौकरी करती है वहां लेकर गयी। जहां मुझे बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर मेरा अबॉर्शन कर दिया। जब दूसरे दिन हमने पूछा तो शिवा ने कहा कि अभी बच्चे को कोई जरूरत नहीं है ,जब मैने कहा मुझे जरूरत है इस पर देवा शर्मा और जेठ शिव शर्मा, सास , ससुर और ननद सोनाली सभी ने मुझे मारपीट कर भगा दिया मै अब दुबग्गा में अपनी दोस्त के घर पर रह रही हूं।मेरे घर वालों ने भी मुझे अपनाने से मना कर दिया। क्योंकि मैने अपने मन से शिवा शर्मा से शादी की थी।पीड़िता का यह भी आरोप है कि शिवा शर्मा ने झूठ बोला था मुझे ब्राह्मण शर्मा बताया था जबकि नाई बिरादरी के हैं।पीड़िता का यह भी आरोप है कि शिवा शर्मा अब संडीला की संध्या से शादी करने वाला है। पीड़िता ने सूबे के मुखिया को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी।उन्हीं के आदेश पर माल पुलिस ने पीड़िता के पति देवा शर्मा, जेठ शिवा शर्मा, सास, ससुर, ननद सोनाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर नबाब अहमद ने बताया कि मुख्यमंत्री के यहां से आए शिकायती प्रार्थनापत्र पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जारही है और अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हो पायी है।

# बेहतरीन किरदार के मालिक थे मौलाना मोहम्मद अली हैदर:मौलाना रजा हुसैन

लखनऊ।हजरत गुफरानमाब के परपोते अयातुल्लाह अली शब्बर मुजतहिद के बड़े बेटे और शाही मस्जिद रईस मंज़िल के पेश इमाम व आसिफी मस्जिद के नायब इमाम मौलाना मोहम्मद अली हैदर नकवी मरहूम की मजलिस इमामबाड़ा गुफरानमाब चौक में हुई। मजलिस को मौलाना रजा हुसैन ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि मौलाना मोहम्मद अली हैदर बेहतरीन किरदार के मालिक थे हर एक से खुश मिजाजी से मिलते थे। उन्होंने पूरी जिंदगी नमाज, रोजा और जिक्र-ए-अहलेबैत में गुज़ारी। मौलाना ने जब हजरत इमाम हुसैन (अ.स) और उनके साथियों की दर्दनाक शहादतों को बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस का आगाज तिलावते कुरान से रिजवान हैदर ने किया और अजादार हुसैन शब्बी,रिजवान हसन भोलू और आबिद नजर सलाम पेश किये। मजलिस बाद अंजुमन गुंचाए मेहदिया सहित कई अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। मरहूम के बेटे रिजवान हैदर ने मजलिस में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।



### मोहम्मद व आले मोहम्मद का जिक्र करना व सुन्ना इबादत

### -जश्ने रिसालत व जश्ने इमामत

लखनऊ। हजरत रसूले खुदा (स) और इमाम जाफर सादिक (अ.स) की विलादत के सिलसिले में मस्जिद शहदरा, मोहान रोड नियर बुधेश्वर चौराहा में रविवार को जश्ने मुरसले आजम व जश्ने इमाम जाफर-ए-सादिक (अ.स) मनाया गया। जश्ने महफिल को मौलाना सैयद अतहर अब्बास ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि मोहम्मद व आले मोहम्मद का जिक्र करना व सुन्ना इबादत है। इसके बाद शायरों ने हजरत रसूले खुदा (स) और इमाम जाफर सादिक अस की षह में अपने कलाम पेश कर नजरान-ए-अक़ीदत पेश की। कार्यक्रम का आयोजन जायरीन-ए-कर्बला ने किया था।

### मस्जिद तिब्बती में जश्ने सादेकीन व जामा मस्जिद तहसीनगंज में महफिल कल

लखनऊ। हजरत रसूले खुदा (स) और इमाम जाफर सादिक (अ.स) की विलादत की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मस्जिद तिब्बती बाग मक्का में शाम 7 बजे जश्ने सादेकीन मनाया जाएगा। जश्न को जाकिरे अहलेबैत अम्बर आब्दी खिताब करेंगे। जबकि संचालन फजल फतेहपुरी और आगाज मौलाना रिजवान हैदर अजमी तिलावते कुरआने पाक से करेंगे। इस मौके पर शायर-ए-अहलेबैत अपने कलाम पेश करेंगे। इसी तरह शाही जामा मस्जिद तहसीनगंज में मगरिब की नमाज के बाद जश्ने मुरसले आजम मनाया जाएगा। जश्न में मौलाना हैदर अब्बास रिजवी तकरीर व संचालन समी अब्बास और तिलावत कारी कुमानी करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पढ़ेंगे।

# गिरफ्तारी के समय मारपीट कर भागा वारंटी गिरफ्तार

माल लखनऊ

बीते सोमवार को नौ बजे दरोगा अकेले वारंटी के घर गिरफ्तारी के लिए रघुनाथपुर गांव पहुंचे थे। वारंटी दरोगा को देख घर से भाग निकला था।दरोगा ने पीछाकर वारंटी विशालभुर्जी को गांव के बाहर पकड़ लिया और पिटाई करने लगे।विशाल की चीख पुकार सुन उसकी छोटी बहन जोती पहुंच गई और दरोगा से क्यों मार रहे हो तो दरोगा प्रिंस बलियान ने आव न देखा ताव जोती के भी कई थप्पड़ जड़ दिया था। बेटी की पिटाई सुन कर माता सबिता और पिता छोटा भी मौके पर पहुंचे फिर दरोगा प्रिंस बलियान और वारंटी के परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दरोगा बलियान की वर्दी पूरी तरह फट गई थी।साथ ही मोबाइल भी गिर गया था जिसे सूचना पर पहुंची दरोगा राम सजीवन सरोज ने टार्च से खोजा तो मिल गया था। फिर पड़ोसी




रामनरेश रावत की लोवर और शर्ट मांग कर पहन कर चौकी आए थे। इसके बाद इंस्पेक्टर सहित पुलिस बल पहुंचा था तब तक वारंटी परिवार घर में ताला लगाकर फरार हो गया था। एक सप्ताह बाद पुलिस ने वारंटी को शनिवार को शाहमऊ गांव की पुलिया के पास से दरोगा प्रिंस बलियान,मांधाता सिंह, सिपाही भागेश कुमार, मोहित कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है और उसके ऊपर आर्म्स एक्ट की धारा3/25भी आयद की है और धारा132/352पहले ही दर्ज की थी। जिसमें विशालभुर्जी, उसकी बहन जोती, माता साबित और पिता छोटा को पार्टी बनाया था।

इस संवाददाता ने जब 315बोर के तमंचा और जिंदा एक कारतूस के संबंध में जानना चाहा कि कहां से लाया तो पुलिस बताने की स्थिति में नहीं थी।

# राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों एवं पुलिस की अभिरक्षा में की गई निर्मम हत्या के विरोध में क्षेत्राधिकार महोदय संबोधित ज्ञापन पुलिस महानिदेशक महोदय लखनऊ उत्तर प्रदेश को किसानों के द्वारा ज्ञापन पत्र दिया गया

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद के शाहाबाद मैं हुई भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पांडे उर्फ गौरी एवं पुलिस दीक्षा में हुई रवि राजपूत की निर्मम हत्या के संबंध में भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने इस गंभीर समस्या को लेकर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया है। इस ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि क्षेत्र में भूमाफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग खुलेआम गरीब किसानों दलित वंचित महिलाओं युवाओं पर लगातार शोषण हो रहा है जिससे आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

भाकियू (स्वराज) के प्रदेश एवं जिला स्तर के नेताओं ने अपने पत्र में कहा है कि शाहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस के भेष में डकैत सक्रिय हैं। ये लोग न केवल किसानों की मेहनत की कमाई पर डाका डाल रहे

संगठन ने आरोप लगाया है कि



यह सब कुछ स्थानीय स्तर पर पुलिस और प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से हो रहा है। दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग गरीबों से जबरन धन उगाही करते हैं विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। भाकियू (स्वराज) का कहना है कि यदि इस समस्या पर तत्काल और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि क्षेत्रीय जनता बार-बार स्थानीय थाने और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) ने पुलिस महानिदेशक से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।। साथ ही शाहाबाद क्षेत्र में प्रभावी पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षा का एहसास हो सके।

पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि शासन-प्रशासन ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो किसान यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को विवश होगा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा, लेकिन इसमें हजारों की संख्या में किसान सड़कों पर उतरेंगे और प्रशासन को जनता के दबाव का सामना करना पड़ेगा।

भाकियू (स्वराज) के जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन हमेशा किसानों और गरीब जनता की आवाज उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा।

ज्ञापन सौंपते समय संगठन ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक व्यक्ति या परिवार का मामला नहीं है बल्कि पूरे क्षेत्र का दर्द है

इस ज्ञापन पर संगठन के कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर किए गए हैं और पत्र में साफ तौर पर लिखा गया है कि "मा. महोदय, यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और सड़क पर उतरकर न्याय की लड़ाई लड़ेंगे।" संगठन ने प्रशासन को आगाह किया कि जनता का सब्र अब टूट चुका है और यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन अटूट और व्यापक होगा।

# विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को झारखंड के राज्यपाल ने किया सम्मानित

(जीएनएस)।

जनपद सीतापुर।

विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बरेली में सम्मानित किया। यश-कीर्ति साहित्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित कवियों की आवाज कवि सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। खुशलोक अस्पताल के सभागार में संपन्न इस साहित्यिक समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार व अध्यक्ष कमलेश मौर्य मृदु, विशिष्ट अतिथि डा. विनोद पागरानी, व डा. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। फाउंडेशन की संस्थापक कु. यश-



कीर्ति गंगवार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रोहित राकेश ने किया। वरिष्ठ कवियों में मोहन मुंतशिर, कमल सक्सेना, किरन प्रजापति ने काव्यपाठ कर उपस्थित नवोदित कवियों का उत्साह वर्धन किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डा.अरुण कुमार सक्सेना ने सीतापुर, काशी, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, पीलीभीत, बरेली, सोरों , शाहजहांपुर, लखीमपुर सहित विभिन्न जनपदों से आये कवियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने अपनी आशु कविताओं की झड़ी लगाकर सभी को चमत्कृत कर दिया। काव्यपाठ के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंजता रहा। इस अवसर पर धीरेन्द्र आर्य, कुलदीप आर्य, सत्यवीर गंगवार व कवि निर्भय की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

# जंक्शन पर महिला कांस्टेबल बनीं देवदूत, प्लेटफार्म पर कराया सुरक्षित प्रसव

लखनऊ। रविवार की सुबह लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक ऐसा हृदयस्पर्शी दृश्य देखने को मिला, जिसने हर यात्री के दिल को छू लिया। यह घटना मानवीय संवेदना, कर्तव्यनिष्ठा और साहस का एक अद्भुत उदाहरण बन गई।

शुक्लागंज, कानपुर नगर की निवासी अंजलि गुप्ता अपने पति सचिन गुप्ता के साथ यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान, उन्हें अचानक प्लेटफार्म नंबर 2 के पूर्वी हिस्से में तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मौके पर मौजूद महिला कांस्टेबल पूनम यादव ने बिना समय गंवाए तुरंत प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार राय को सूचना दी।

पूनम यादव ने अपनी सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल अन्य महिला पुलिसकर्मियों को बुलाया। सबने मिलकर चादरों और साड़ियों से एक घेरा बनाया, ताकि प्रसूता को एक सम्मानजनक और सुरक्षित माहौल मिल सके। इसके बाद, कांस्टेबल पूनम यादव और वंदना चौधरी ने मिलकर, बड़ी ही कुशलता से, अंजलि का सुरक्षित प्रसव कराया।

कुछ ही पलों में, अंजलि ने प्लेटफार्म पर ही एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। माँ और नवजात शिशु दोनों पूरी तरह से स्वस्थ थे। घटना के तुरंत बाद, 108 एम्बुलेंस बुलाई गई और माँ-बच्चे को वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल हजरतगंज पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। बच्चे के पिता सचिन गुप्ता भी अस्पताल पहुँच गए।

इस दौरान, प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों ने महिला कांस्टेबलों की इस मानवीय पहल की जमकर सराहना की। लोगों ने कहा कि जिस संवेदनशीलता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय इन महिला सुरक्षाकर्मियों ने दिया है, वही वास्तव में रेलवे सुरक्षा बल (फ्द्धत्र) की असली पहचान है। यह घटना दशार्ती है कि मुश्किल परिस्थितियों में भी, पुलिसकर्मी किस तरह से आम नागरिकों के लिए देवदूत बनकर सामने आते हैं।

# डीएम और एसएसपी ने ट्रैक्टर में सवार होकर जाना बाढ़ पीड़ितों का दर्द : बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करने को अधिकारी कर रहे मेहनत

मथुरा (जीएनएस)। बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए जनपद के दोनों शीर्ष अधिकारी लगातार मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं। डीएम और एसएसपी तूफानी दौरे करके बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंच कर उनके रहने और खाने की समुचित व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं को परखने के लिए निरीक्षण लिया। उन्होंने तहसील महावन के लक्ष्मीनगर क्षेत्र स्थित विशाल मैरिज होम में बनाए गए बाढ़ शरणालय स्थल / शेल्टर होम का जायजा लिया। इस बीच डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए सभी का हालचाल जाना और केंद्र में दी की जा रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि सभी क्षतिग्रस्त मकानों और फसलों का सर्वे करने के बाद सभी



को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने सभी को संयम व धैर्य बनाए रखने के साथ प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 1-2 दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी, किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। विशाल मैरिज होम के निरीक्षण के उपरांत डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के लिए सुभाष इंटर कॉलेज यमुनापार का जायजा लिया। उन्होंने कॉलेज के परिसर एवं ग्राउंड का निरीक्षण किया तथा पशुओं को इस स्थान पर शिफ्ट करने के लिए एसडीएम महावन कंचन गुप्ता को निर्देश दिए। इसी के साथ डीएम ने पशुओं के लिए भूसा, हरा-चारा, शेड और पानी आदि की व्यवस्था के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पशु भूखा नहीं रहना चाहिए, प्रशासन के पास प्रयाप्त भूसा और हरा चारा है। इसके बाद डीएम और एसएसपी ने थाना जमुनापार क्षेत्र स्थित बाढ़ ग्रस्त गांव तिवारीपुरम के निकट रेलवे पुल यमुनापार का ट्रैक्टर में बैठकर निरीक्षण किया। इसी के साथ उन्होंने संपूर्ण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से बाढ़ शरणालय स्थलों / शेल्टर होम में शिफ्ट होने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि यमुना के नजदीक न जाएं। डीएम ने कहा कि सभी जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इसी के साथ लोगों के रहने एवं खाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कहा कि पुलिस-प्रशासन बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए दिन-रात तैयार हैं।